Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

अध्याय - 10 | जैव-अणु

QUIZ PART-05

1. **न्यूक्लिक अम्ल किस प्रकार के बहुलक (Polymer) होते हैं?**
   A. पॉलीसैकेराइड
   B. पॉलीपेप्टाइड
   C. पॉलिन्यूक्लिओटाइड
   D. पॉलीएस्टर (C)

व्याख्या : न्यूक्लिक अम्ल न्यूक्लिओटाइडों की लंबी श्रृंखला से बने होते हैं, इसलिए इन्हें पॉलिन्यूक्लिओटाइड कहा जाता है।

2. **न्यूक्लिक अम्ल के मुख्य प्रकार कौन-से हैं?**
   A. DNA और प्रोटीन
   B. RNA और प्रोटीन
   C. DNA और RNA
   D. RNA और हार्मोन (C)

व्याख्या : न्यूक्लिक अम्ल दो प्रकार के होते हैं—DNA (डिऑक्सीराइबोज न्यूक्लिक अम्ल) और RNA (राइबोज न्यूक्लिक अम्ल)।

3. **DNA में पाए जाने वाले पिरिमिडीन क्षारक कौन-से हैं?**
   A. A और G
   B. C और U
   C. T और C
   D. A और T (C)

व्याख्या : DNA में पिरिमिडीन क्षारक थायमीन (T) और साइटोसीन (C) होते हैं।

4. **RNA में थायमीन (T) के स्थान पर कौन-सा क्षारक पाया जाता है?**
   A. साइटोसीन B. एडेनिन
   C. ग्वानीन D. यूरैसिल (D)

व्याख्या : RNA में थायमीन के स्थान पर यूरैसिल (U) पाया जाता है।

5. **शर्करा के 1′ कार्बन पर क्षारक जुड़ने से क्या बनता है?**
   A. न्यूक्लियोटाइड
   B. न्यूक्लिओसाइड
   C. पॉलिन्यूक्लियोटाइड
   D. डाइन्यूक्लियोटाइड (B)

व्याख्या : शर्करा के 1′ कार्बन पर क्षारक जुड़ने से न्यूक्लिओसाइड बनता है।

6. **न्यूक्लिओसाइड में फॉस्फेट समूह जुड़ने पर क्या बनता है?**
   A. न्यूक्लिक अम्ल
   B. न्यूक्लिओसाइड
   C. न्यूक्लियोटाइड
   D. प्रोटीन (C)

व्याख्या : न्यूक्लिओसाइड के 5′ कार्बन पर फॉस्फेट जुड़ने से न्यूक्लियोटाइड बनता है।

7. **DNA की द्विकुंडलिनी (Double Helix) संरचना का प्रतिपादन किसने किया?**
   A. मेंडल
   B. फ्रेडरिक सेंगर
   C. वाटसन और क्रिक
   D. पॉलिंग (C)

व्याख्या : DNA की द्विकुंडलिनी संरचना का प्रतिपादन जेम्स वाटसन और फ्रांसिस क्रिक ने किया।

8. **DNA में एडेनिन (A) किस क्षारक के साथ हाइड्रोजन बंध बनाता है?**
   A. ग्वानीन
   B. साइटोसीन
   C. यूरैसिल
   D. थायमीन (D)

व्याख्या : DNA में एडेनिन (A) केवल थायमीन (T) के साथ हाइड्रोजन बंध बनाता है।

9. **न्यूक्लिक अम्लों का प्रमुख जैविक कार्य कौन-सा है?**
   A. ऊर्जा प्रदान करना
   B. प्रोटीन संश्लेषण व स्व-प्रतिकृति
   C. पाचन क्रिया
   D. श्वसन क्रिया (B)

व्याख्या : न्यूक्लिक अम्ल स्व-प्रतिकृति तथा प्रोटीन संश्लेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

10. **इंसुलिन और एंडोर्फिन किस प्रकार के हार्मोन हैं?**
   A. स्टेरॉयड हार्मोन
   B. अमीन हार्मोन
   C. पॉलिपेप्टाइड हार्मोन
   D. वसा हार्मोन (C)

व्याख्या : इंसुलिन और एंडोर्फिन पॉलिपेप्टाइड हार्मोन के उदाहरण हैं।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App